दिनांकः 26.06.2025　　　　　　　　　　समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर—अजमेर

प्रादेषिक समाचार

- भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांषु शुक्ला को लेकर गया स्पेस एक्स ड्रैगन यान अंतरिक्ष स्टेषन आई.एस.एस. से सफलतापूर्वक जुड़ा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा—आपातकाल का दौर भूलने का नहीं, बल्कि संघर्ष की दास्तां का प्रतीक—जोधपुर में लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह को संबोधित किया।
- सीबीईसी ने राज्य सरकार को 6 हजार 315 करोड़ रुपये के पैट्रोलियम सर्विस टैक्स प्रकरण में राहत दी।
- प्रदेष में मॉनसून की गतिविधियां जारी—श्रीगंगानगर में सीजन की पहली तेज बारिष हुई।

000

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांषु शुक्ला को अंतरिक्ष में लेकर गया स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्षयान आज अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन—आईएसएस से जुड़ गया है। इसके साथ ही 41 साल बाद अंतरिक्ष में भारत का कोई अंतरिक्ष यात्री पहुंचा है। यह ऐतिहासिक मिशन अमरीका, भारत, पोलैंड और हंगरी के चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र में 14 दिनों के वैज्ञानिक अभियान के लिए ले गया है। एक्सिओम—4 मिशन न केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि है, बल्कि वैश्विक प्रौद्योगिकी महाशक्ति के रूप में भारत के बढ़ते कद का भी प्रमाण है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि के लिए एक्सिओम—4 मिशन टीम को बधाई दी है। मिशन में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसका दुनिया भर में भविष्य के सभी अभियानों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि आपातकाल का दौर भूलने का विषय नहीं है, बल्कि संघर्ष की दास्तान का प्रतीक है। आज जोधपुर के मारवाड़ इंटरनेषनल सेंटर में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार को जब कभी भी सेनानियों के सम्मान का अवसर मिलता है, वो इस कार्य में आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाती हैं। जोधपुर दौरे पर गये मुख्यमंत्री ने इससे पहले जोधपुर आईआईटी के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत, दुनिया की चौथी नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका है।

उन्होंने कहा कि बीते 11 सालों में देष का समर्पित भाव से आधुनिक विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो विद्यार्थी डिग्री हासिल कर निकलें हैं, वे कल भारत का भविष्य लिखेंगे।

---------------

समारोह में मुख्यमंत्री ने विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की और मेधावी छात्र—छात्राओं को स्वर्ण पदक वितरित किये। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई और स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित षिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

000

आज अंतर्राष्ट्रीय नषामुक्ति दिवस मनाया जा रहा है। ये दिन मादक पदार्थो के उपयोग और उनकी अवैध तस्करी के विरोध में आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने कहा कि अब तक देश भर में 14 करोड़ से अधिक लोग नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि 4 लाख से अधिक शैक्षणिक संस्थान भी इस अभियान में सहयोग कर रहे हैं।

------------

अंतरराष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर के इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान में रखा गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि समाज को

नशा मुक्त रखने की जिम्मेदारी सरकार और संस्थाओं की ही नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की भी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास के लोगों में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता लाने और नशे की गिरफ्त में जकड़े लोगों को बाहर निकालने का संकल्प लेना होगा। सामाजिक न्याय मंत्री ने बताया कि प्रदेश में इस साल बजट में श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर और बाड़मेर सहित 10 जिलों में 25–25 बेड क्षमता के नशामुक्ति केन्द्र शुरू किये गये हैं।
इस बीच, प्रदेष में नषामुक्ति पखवाडे के तहत आज भी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरुक किया गया। जैसलमेर में बीएसएफ की ओर से सीमांत गांव बाहला में कार्यक्रम रखा गया। इसमें बीएसएफ अधिकारियों ने ग्रामीणों को नषे के दुष्प्रभाव के संबंध में बताया। पाली में चिकित्सा विभाग और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बांगड अस्पताल में कार्यक्रम रखा गया। कोटपूतली–बहरोड़ जिले में भी कार्यषाला हुई। साथ ही रैली के माध्यम से लोगों को नषे के नुकसान समझाए गये। डीग में समाज कल्याण विभाग की ओर से कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर नषा छोड़ चुके युवाओं को प्रोत्साहित किया गया। डीग के समाज कल्याण अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि अभियान को भरपूर समर्थन मिल रहा है।

--------------

भरतपुर में बाल अधिकारिता विभाग की ओर से ई साइकिल रैली निकाली गई। श्रीगंगानगर में एनसीसी की 15वीं राज बटालियन की ओर से रैली निकाली गई।

000

राजस्थान सीआईडी इंटेलीजेंस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नई दिल्ली स्थित नौसेना भवन से एक यूडीसी को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीआईडी के सुरक्षा महानिरीक्षक विष्णुकांत गुप्ता ने बताया कि हरियाणा के रेवाड़ी निवासी आरोपी पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी को सामरिक महत्व से जुड़ी खबरें भेजने का आरोप था। आरोपी यूडीसी नौसेना भवन में डायरेक्टरेट ऑफ डॉकयार्ड में नियुक्त था और सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की महिला हैंडलर से लगातार सम्पर्क में था। शुरूआती पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी ऑनलाइन गेम खेलने का आदी था और अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए वो महिला के इषारे पर काम कर रहा था। आरोपी के मोबाइल से मिली सूचना से पता चला कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी गोपनीय सूचनाएं महिला पाक हैंडलर को उपलब्ध कराई थीं।

000

केन्द्रीय कस्टम एक्साईज और सेवाकर अपील अधिकरण–सीबीईसी ने राज्य के पेट्रोलियम विभाग को सर्विस टैक्स के 6 हजार 315 करोड़ रुपये के प्रकरण में राहत देते हुए सी.जी.एस.टी. जोधपुर के पूर्व फैसले को अस्वीकृत कर दिया है। पेट्रोलियम और खान विभाग के सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि विभाग ने मामले की तत्परता से पैरवी करते हुए राज्य सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय अपील अधिकरण ने राज्य सरकार के पक्ष को स्वीकार करते हुए 20 जून को जारी मार्गदर्शिका में कहा कि खनन अधिकार सहायक सेवाएं नहीं हैं तथा इन सेवाओं को नकारात्मक सूची के अंतर्गत छूट प्राप्त है। गौरतलब है कि सी. जी.एस.टी. जोधपुर ने प्रदेष में खनिज तेल उत्खनन से प्राप्त रॉयल्टी को अचल सम्पत्ति के किराए के रूप में मानते हुए राज्य सरकार को 01 अप्रेल 2013 से 31 मार्च 2016 तक की अवधि के लिए साढे सोलह हजार करोड रुपये से ज्यादा की पैनल्टी और सर्विस टैक्स जमा कराने को कहा था, जिस पर राज्य सरकार ने सीबीईसी में अपील दायर की थी।

000

प्रदेश में साइबर धोखाधड़ी से निपटने और डिजिटल अपराधों पर अंकुष के लिए सभी पुलिस थानों में अब साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की जाएंगी। राजस्थन पुलिस ने डिजिटलीकरण के दौर में बढ़ते साइबर खतरों से निपटने के लिए ये पहल की है। पुलिस महानिरीक्षक शरद कविराज ने बताया कि लोगों की षिकायत और सूचना के लिए व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर सेवा भी शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि 'साइबर हेल्प डेस्क' के जरिए साइबर वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया से संबंधित अपराध सहित किसी भी साइबर समस्या पर शिकायत दर्ज की जा सकेगी। इसके अलावा किसी भी संदिग्ध मोबाइल नंबर को ब्लॉक करवाने में भी आमजन की मदद की जाएगी। सेवा का उपयोग मोबाइल फोन की गुमषुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाने में भी किया जा सकेगा।

000

सीबीआई ने साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट के मामलों से निपटने के लिए चल रहे प्रयासों के क्रम में, साइबर धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए जा रहे म्यूल बैंक खातों के संबंध में राजस्थान सहित पांच राज्यों में 42 स्थानों पर देशव्यापी तलाशी शुरू की है। म्यूल खाता वह बैंक खाता है जिसका उपयोग अवैध

गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिए किया जाता है। एजेंसी ने बताया कि तलाशी के दौरान, कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य सहित लेन–देन विवरण, केवाईसी दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं।

000

प्रदेष में मॉनसून की गतिविधियां बनी हुई हैं। मॉनसून ने आज आगे बढते हुए उत्तरी और सरहदी जिलों को भी तरबतर कर दिया है। श्रीगंगानगर जिले में आज इस सीजन की पहली तेज बारिष हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के सादुलषहर और सूरतगढ में हुई तेज वर्षा से निचले इलाके जलमग्न हो गये।

---------------

मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटों में उदयपुर, अजमेर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिष होने की संभावना है। विभाग ने अगले दो–तीन दिनों में जयपुर और भरतपुर संभाग के जिलों में भी अति भारी बरसात का अनुमान व्यक्त किया है। बीकानेर तथा जोधपुर संभाग के साथ पष्चिमी जिलों में कल से बारिष की गतिविधियों में बढोतरी की उम्मीद जताई गई है।

000

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में आज सुबह राजस्थान के पर्यटकों को ले जा रही मिनी बस खाई में गिर गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और आठघायल हो गये। दुर्घटना में नौ लोग लापता बताए जा रहे हैं। रुद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रल्हाद कोंडे ने बताया कि बस में कुल 20 लोग सवार थे, जिनमें से आठ व्यक्तियों को बचा लिया गया है। इस बीच, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गहरा दुख जताया है।

000

राज्य सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना के तहत प्रदेश के बुजुर्ग अब अटारी बॉर्डर का भी भ्रमण कर सकेंगे। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने ये जानकारी दी।

000